संख्या: 1:05:138:I:CS
दिनांक: 13.03.2026

National Stock Exchange of India Limited Listing Department, Exchange Plaza, Bandra – Kurla Complex, Bandra (E) **MUMBAI – 400 051.** **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड,** लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), **मुंबई-400 051**	**BSE Limited,** Department of Corporate Services, Floor – 25, PJ Towers, Dalal Street, **MUMBAI – 400 001.** **बीएसई लिमिटेड,** कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, **मुंबई-400 001**

विषय: एनईएस पुणे ईस्ट न्यू ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) का हस्तांतरण।

महोदया/महोदय,

यह सूचित किया जाता है कि पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की निम्नलिखित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को 12 मार्च, 2026 को सफल बोलीदाता, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया गया है।

एनईएस पुणे ईस्ट न्यू ट्रांसमिशन लिमिटेड की स्थापना "पुणे क्षेत्र-I (765/400 केवी पुणे ईस्ट) में ट्रांसमिशन बाधाओं को दूर करने के लिए महाराष्ट्र में नेटवर्क विस्तार योजना" के विकास के लिए की गई है।

उक्त लेन-देन से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	**विवरण**	**ब्यौरा**
		एनईएस पुणे ईस्ट न्यू ट्रांसमिशन लिमिटेड
1.	गत वित्तीय वर्ष के दौरान सूचीबद्ध इकाई की ऐसी इकाई या प्रभाग द्वारा योगदान किए गए टर्नओवर या राजस्व या आय और नेटवर्थ की राशि और प्रतिशत।	नगण्य
2.	बिक्री के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की तिथि।	उक्त एसपीवी की सफल बोलीदाता को बिक्री और हस्तांतरण की प्रक्रिया 12.03.2026 को पूरी हो गई है।
3.	बिक्री/निपटान के पूरा होने की अपेक्षित तिथि।	
4.	ऐसी बिक्री/निपटान से प्राप्त प्रतिफल।	शेयर खरीद समझौते के अनुसार 8,04,74,138 रुपये (आठ करोड़ चार लाख चौहत्तर हजार एक सौ अड़तीस रुपये मात्र)।
5.	खरीदार का संक्षिप्त विवरण और क्या खरीदार प्रवर्तक/प्रवर्तक समूह/समूह कंपनियों से संबंधित हैं। यदि हाँ, तो उसका विवरण।	सफल बोलीदाता का नाम: **पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड** यह उल्लेख करना उचित है कि ऊपर वर्णित सफल बोलीदाता, प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह से संबंधित नहीं है।
6.	क्या यह लेनदेन संबंधित पक्ष के लेनदेन के अंतर्गत आता है? यदि हाँ, तो क्या यह "आर्म्स लेंथ" पर किया गया है।	यह लेनदेन संबंधित पक्ष के लेनदेन के दायरे में नहीं आता है।

7.	क्या यह लेनदेन 'स्लम्प सेल' की प्रकृति का है?	पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की सफल बोलीदाता को बिक्री और हस्तांतरण का प्रस्ताव, जैसा कि ऊपर बिंदु संख्या 5 में दिए गए विवरण के अनुसार है, स्लम्प सेल की प्रकृति का नहीं है। इसके अलावा, एसपीवी की बिक्री और हस्तांतरण के प्रतिफल का निर्धारण भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है।

यह आपकी जानकारी और प्रसार हेतु प्रस्तुत है।

धन्यवाद।

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनीष कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
mk_agarwal@pfcindia.com